मान्नीय महोदय,

अप्रैल–मई–जून 2013

सादर जय जिनेन्द्र

हमें अत्यंत प्रसन्नता होती है जब प्रतिउत्तर में आपके SMS /पत्र /सुझाव हम तक पहुँचते हैं, आशा है कि यह सिलसिला आपकी संस्था की उत्तरोत्तर उन्नति में सहायक सिद्ध होगा। इस सिलसिले को बनाये रखने के लिये आपसे पुनः अनुरोध है कि हमें 09827250752 पर SMS या btct.saugor@gmail.com पर ई मेल करने का कष्ट करें।

**निःशुल्क ओपीडी एवं जाँच :–**

दिनांक 5 अप्रैल 2013 को मेडीसिन विभाग अंतर्गत निःशुल्क ओपीडी रही जिसमें डॉ.मंदार जैन (MBBS, D. Cardiology) द्वारा मरीजों को परामर्श प्रदान किया।

दिनांक 12 अप्रैल 2013 मेडीसिन विभाग अंतर्गत डायबिटीज मरीजों के लिए शुगर टेस्ट (RBS) की निःशुल्क जॉच की गयी जिसमें डॉ. नितिन जैन (एमडी मेडीसिन) ने मरीजों को परामर्श प्रदान किया।

दिनांक 04.11.18.25. अप्रैल 2013 को शिशुरोग विभाग अंतर्गत निःशुल्क ओपीडी संचालित रही जिसमें डॉ.विकास तिवारी (MBBS, DCH) द्वारा मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया।

भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के अवसर पर चिकित्सालय के सभी विभागों की ओपीडी निःशुल्क संचालित की गयीं जिसमें 250 से भी अधिक मरीजों ने विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

आधार कार्ड – दिनांक 09,10,11 अप्रैल 2013 को संस्था में आधार कार्ड बनवाने हेतु शिविर आयोजित किया गया जिसमें संस्था द्वारा संचालित इकाईयों के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने अपने आधार कार्ड बनवाये।

दिनांक 27 अप्रैल से 5 मई 2013 तक खुरई रोड पर गल्ला मंडी के समीप कम्प्यूटर बाबा द्वारा 108 कुडीय यज्ञ आयोजन में यज्ञ स्थल पर आपकी संस्था के चिकित्सक एवं पैरामेडीकल स्टाफ धर्मप्रेमी बंधुओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए तैनात रहे।

माह मई एवं जून 2013 में साप्ताहिक निःशुल्क ओपीडी का संचालन किया गया जिसमें प्रत्येक सोमवार को हृदय रोग सलाहकार डॉ. मंदार जैन, प्रत्येक मंगलवार को दंतरोग सलाहकार डॉ.सुषमा धामेचा, प्रत्येक बुधवार को शिशुरोग सलाहकार डॉ.विकास तिवारी, प्रत्येक गुरूवार को स्त्रीरोग सलाहकार डॉ.रूपाली जैन एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.मोनिका जैन, प्रत्येक शुकवार को हृदय,छाती एवं डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ.नितिन जैन एवं प्रत्येक शनिवार को शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ.संतोष राय, हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ.रजनीश मिश्रा तथा हड्डीरोग सलाहकार डॉ.अखिलेश जैन अपनी सेवाएं निरंतर प्रदान कर रहे हैं। इस सेवा अंतर्गत कुल 1061 मरीज लाभांवित हुए।

पं.पू. आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के मंशानुरूप दिनांक 22.05.2013 से चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को आहार विशेषज्ञों के परामर्श अनुसार निःशुल्क भोजन व्यवस्था प्रारंभ की गयी। इस व्यवस्था के प्रथम दिवस दिल्ली से पधारे श्री अरूण जी जैन ने अपने कर कमलों से मरीजों को भोजन वितरित किया।

रक्तदान शिविर श्रृंखला में दिनांक 21.06.2013 को विजय टाकीज परिसर सागर में श्रीमति ममता रानी केशरवानी की पुण्य स्मृति में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 14 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर उंतर्गतही 23.06.2013 को युवा मोर्चा सागर के तत्वाधान में डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शहर के मुख्य स्थल गौरमूर्ति चौराहा पर 2 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय में नवीन विशेषज्ञों को जोड़ने का कार्य भी प्रारंभ है। इसी श्रृंखला में यहॉ के पैलोलॉजी विभाग में डॉ.शालिनी जैन (M.D, Patho) की सेवाए जून माह से प्रारंभ हो चुकी हैं।

भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा GPAT परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छात्रा राखी जैन ने आल इंडिया 322 रेंक अर्जित करते हुए इस संस्था का नाम रोशन किया। इसके साथ ही यहाँ के विद्यार्थी नवनीत जैन, प्रियंका जैन एवं दुर्गावती पटेल भी इस परीक्षा में सफल रहे हैं। यह परीक्षा दिनांक 16,17 एवं 18 मई 2013 को भोपाल में आयोजित की गयी थी।

विगत माह जून 2013 में राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित **B.Pharm. फाइनल सेमिस्टेर की परीक्षा** में इस कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। कृ.रीना जैन ने 87.4 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार छात्रा निधि तिवारी ने 77.3 एवं राशि जैन ने 76.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सॉगानेर जयपुर (राजस्थान) द्वारा दिनांक 6 मई से 12 मई 2013 तक विद्यार्थी प्रवेश चयन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विभिन्न शहरों एवं ग्रामों के विद्यार्थियों ने शिक्षा ग्रहण की एवं परीक्षा उपरांत 23 विद्यार्थियों का सॉगानेर संस्थान में चयन किया गया। शिविर की पूर्ण व्यवस्था आपके संस्थान भाग्योदय तीर्थ द्वारा की गयी।

**माह अप्रैल,मई,जून 2013 में Rs.2132390.00 की चेरिटी आपके संस्थान द्वारा मरीजों के लिए की गयी है।**

प.पू. 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं मंगलाशीष से निर्मित यह संस्थान आपके द्वारा दिये गये सहयोग से ही प्रगति पथ पर अग्रसर हैं तथा संपूर्ण बुन्देलखण्ड में पीड़ित मानवता की सेवार्थ जाना जाता है। आपका सहयोग ऐसा ही बना रहे ऐसी हमारी भावना है। पत्र के अंत में आपसे निवेदन है कि संस्था के हितार्थ आपका जो भी मार्गदर्शन हो हमें अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

स्वास्थ्य रक्षा एवं आयुर्वेद नुस्खे की श्रृंखला में इस बार हम ''उल्टी की बीमारी'' को दूर करने का आयुर्वेद नुस्खा बता रहे हैं।

- 5-10ml नीबू रस को पानी में मिलाकर चुटकी भर नमक डालें एवं दिन में 2 या 3 बार सेवन करें।

या

- 5ml नीबू रस में शक्कर मिलाकर 1–1 घंटे के अंतराल से सेवन करें।

इस अंक से सूक्तियॉ, नवीन समाचार एवं प्रेरक प्रसंगों की श्रृंखला को भी जोड़ा जा रहा है।

भारतीय मूल की अमेरिका अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा है कि **अगर आप वोट नहीं डालते हैं, तो शिकायत करने का भी हक नहीं है**, युवाओं को चुनाव प्रकिया में हिस्सा लेना चाहिए। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, वोट देकर हम अपने देश के विकास और परिवर्तन में हिस्सेदार होकर खुश होते है। आप यदि वोट नहीं देते हैं तो आपको देश के किसी भी कमजोर पहलू के बाबत् शिकायत का कोई अधिकार नहीं है।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . .

सतीष खरे

पब्लिक रिलेशन अधिकारी